हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, रविवार, 30 मार्च, 2025

तापमान
अधिकतम 36.1 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

13 कैमरों के संचालन पर मेयर गंभीर, मांगा जवाब



14 भांग के पौधों को उखाडऩे व नष्ट करने के लिए जिला...



## खबर संक्षेप

### तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित काबू

सोनीपत। क्राइम यूनिट कुंडली थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रभात निवासी उड़ीसा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेक्टर-7 सोनीपत में तैनात उप निरीक्षक कृष्ण ने बताया कि उसकी टीम गश्त के दौरान रोहणा के पास मौजूद थी। उसी दौरान टीम ने नशीला पदार्थ सहित आरोपित को काबू कर लिया था। उसके पास से नशीला पदार्थ बरामद किया। वारदात में शामिल चौथे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### गोहानाः खेतों में लगे ट्यूबवेल से केबल चोरी

गोहाना। गांव घड़वाल में लगभग 20 किसानों के खेतों में लगे ट्यूबवेल कनेक्शनों से केबल चोरी कर ली गई। इससे किसानों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। सुभाष ने पुलिस को बताया कि वह खेती करता है और उसने खेत में सिंचाई के लिए सबमर्सिबल लगा रखा है। चोर गुरुवार को उसके यहां से केवल चोरी कर ले गए। उनके अलावा सूरजमल, जय विकाश, सुरेश फौजी, सुभाष, सुभाष कुमार, जयनारायण, रमेश, जयकरण, मनोज, बिजेंद्र, सुनील, श्रवण, राज सिंह, नरेन्द्र, कुलदीप, विक्रम, मदन, नरेश, पंकज, मोहन, बलवान के यहां से भी ट्यूबवेल चलाने के लिए लगाई गई केबल चोरी की गई।

## उपायुक्त ने मुरथल विवि का दौरा कर लिया तैयारियों का जायजा

# सोनीपत हाफ मैराथन आज मुख्यमंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

- अब तक 60 हजार से ज्यादा लोग करवा चुके हैं पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सोनीपत हाफ मैराथन को लेकर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी रविवार को मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) मुरथल में आयोजित की जा रही सोनीपत हाफ मैराथन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने शनिवार को अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का दौरा किया।

नशे के विरुद्ध युवाओं में अलख जगाने के लिए रविवार को सोनीपत हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिसे सीएम नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उपायुक्त ने आयोजन स्थल पर प्रतिभागियों के पहुंचने के लिए बनाए गए रास्ते व पार्किंग, वीआईपी पार्किंग, अधिकारी पार्किंग, जलपान व रनिंग कीट वितरण के लिए की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीसी ने डीएसओ को निर्देश दिए। अब तक जिला के 60 हजार से ज्यादा लोग पंजीकरण करवा चुके हैं। नशे के विरुद्ध इस लड़ाई में जिला के सभी अधिकारी व कर्मचारी, शिक्षण संस्थान, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थान, पंचायतें व औद्योगिक इकाइयां भाग ले रही हैं। हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार एमडी देसी रॉक स्टार सहित अन्य कलाकार अपने प्रस्तुतियां देंगे। मैराथन रूट पर जगह-जगह सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने के लिए स्टेज बनाए गए हैं। इस मौके पर नगर निगम के आयुक्त हर्षित कुमार, मुरथल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, एसडीएम सुभाष चंद्र, नगराधीश डॉ. अनमोल, भाजपा वरिष्ठ नेता निशांत छौक्कर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन स्थल को भव्य रूप दिया गया है। जगह-जगह मैराथन को लेकर होर्डिंग्स व फ्लैक्स लगाए गए हैं। आगे चलकर रोड के ऊपर एक स्टेज बनाया गया है, जहां से सीएम हरी झंडी दिखाएंगे।



सोनीपत। आयोजन स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी साथ में अधिकारी।

**पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी:** सोनीपत हॉफ मैराथन को लेकर पुलिस विभाग ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। मैराथन रूट से सुबह 04 बजे से दोपहर 12 बजे तक आमजन के आने जाने पर पाबंधी रहेगी। उन्होंने बताया कि वाहन चालक, आमजन एवं किसान अपनी फसलों को लाने ले जाने के लिए बहालगढ़ से नेशनल हाईवे-334बी, आईटीआई चौक से नरेला रोड़, मुरथल से कुराड बाईपास, गोहाना रोड़ बाईपास से नेशनल हाइवे-44, सब्जी मण्डी चौक से कामी होते हुए सोनीपत-कुराड बाईपास रूट का प्रयोग करें।

### चिप युक्त बीब से रन टाइम कैलकुलेट कर सकेंगे

एसोसिएशन आफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेसिज (एम्स) द्वारा प्रमाणित रूट पर मैराथन के लिए पोर्टल पर 21 किमी फुल व 10 किमी की श्रेणी में आवेदन करने वाले रनर्स को रनिंग किट्स प्रदान की जाएगी। एक इलेक्ट्रॉनिक चिप युक्त बीब (टी शर्ट पर चिपकने वाला स्टीकर) शामिल है। इस चिप युक्त बीब से रनर अपना वास्तविक रन टाइम कैलकुलेट कर सकेंगे साथ ही इलेक्ट्रॉनिक बीब से आयोजन से जुड़े अपने फोटो डाउनलोड कर सकेंगे।

### यह रहेगा रूट मैप

सोनीपत हॉफ मैराथन मुरथल यूनिवर्सिटी से शुरू होकर मुरथल रोड़ से अग्रसेन चौक, महाराणा प्रताप चौक, बहालगढ़ रोड़ से होते हुए दिवान फार्म से सेक्टर-10 के पास स्थित वर्धमान गार्डेनिया रेजीडेंशियल सोसायटी क्षेत्र से होते हुए वापिस मुरथल यूनिवर्सिटी में समाप्त होगी।

### प्रतिभागियों के लिए बनाया गया विशेष रूट

सोनीपत शहर से मैराथन में शामिल वाले प्रतिभागी गोहाना रोड बाईपास से कुराड बाईपास होते हुए नेशनल हाइवे-44, जटवाड़ा से शुगर मील फ्लाईओवर के रास्ते, सब्जी मण्डी चौक से कामी रोड़ होते हुए, जीवीएम कॉलेज से देवडू रोड़ हुए नेशनल हाईवे-44, मुरथल सोनीपत रोड स्थित सामान्य पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करके मुरथल विवि गेट नंबर-3 के नजदीक सीपेट से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। इसके अलावा सेक्टर-15, 12, 13, 16, 05, 06, 07, 08, गांव गढ़ शहजानपुर, फाजिलपुर, रेवली, शाहपुर तुर्क, रायपुर से ओमेक्स सिटी व सेक्टर-07 व 08 से नेशनल हाईवे-44 से होते हुए मुरथल-सोनीपत रोड़ पर स्थित सामान्य पार्किंग में अपने वाहन खड़े करके मुरथल विवि गेट नंबर-3 के नजदीक सीपेट से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। आईटीआई चौक से नरेला रोड होते हुए नेशनल हाईवे-334बी से नजदीक बहालगढ़ चौक से नेशनल हाईवे-44 से होते हुए मुरथल सोनीपत रोड स्थित सामान्य पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करके मुरथल विवि गेट नंबर-3 के नजदीक सीपेट से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। दिल्ली, राई, बहालगढ़ से प्रतिभागी मुरथल चौक नेशनल हाईवे-44 से होते हुए मुरथल सोनीपत रोड स्थित सामान्य पार्किंग में वाहन खड़ा करके मुरथल विवि गेट नंबर-3 के नजदीक सीपेट से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। पानीपत, गन्नौर से आने वाले प्रतिभागी मुरथल चौक नेशनल हाईवे-44 से होते हुए मुरथल सोनीपत रोड स्थित सामान्य पार्किंग में वाहन खड़ा करके मुरथल विवि गेट नंबर-3 के नजदीक सीपेट से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। गोहाना, मोहाना की तरफ से आने वाले प्रतिभागी गोहाना रोड बाईपास से कुराड़ बाईपास होते हुए नेशनल हाइवे-44 मुरथल चौक से मुरथल सोनीपत रोड पर बनी पार्किंग में वाहन खड़ा कर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। खरखौदा की तरफ से आने वाले प्रतिभागी नेशनल हाइवे-334 बी से बहालगढ होते हुए नेशनल हाइवे-44 मुरथल चौक से सोनीपत रोड़ पर बनी पार्किंग में वाहन खड़ा कर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

### यहां रहेगी वीआईपी और अधिकारियों की पार्किंग

मैराथन में शामिल होने वाले वीआईपी व अधिकारियों के लिए मुरथल विश्वविद्यालय में स्थित गोर्गे महिला हॉस्टल व ऑडोटोरियम के सामने पार्किंग बनाई गई है। इसके साथ ही मैराथल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए मुरथल विश्वविद्यालय से मुरथल रोड़ पर सीपेट के साथ खाली जमीन, रोडवेज चालक प्रशिक्षक केन्द्र मुरथल, नेशनल हाईवे-44 की सर्विस लाईन स्थित आईआईटीएम कॉलोज परिसर, एरकाडियन पार्टी लॉन के सामने स्थित पार्किंग एरिया, कुराड बाईपास पर बने सीएनजी पंप के साथ नेशनल हाईवे-44 पर स्थित खाली जमीन, औद्योगिक क्षेत्र मुरथल के अंदर खुले रोड तथा थाना मुरथल परिसर में पार्किंग बनाई गई है।

**पुलिस ने सुरक्षा की कड़ी:** हाफ मैराथन के मद्देनजर सोनीपत पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। शनिवार शाम से रविवार शाम तक शहर में वीआईपी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए ईस्ट और वेस्ट जोन को 24 घंटे के लिए अस्थायी रेड जोन घोषित किया गया है। ऐसे में यहां ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगाई है। आदेश शनिवार शाम 4 बजे से लेकर रविवार शाम 4 बजे तक लागू रहेंगे। पुलिस कमिश्नर कार्यालय की तरफ से जारी आदेश के अनुसार ड्रोन रूल्स, 2021 के नियम 24 के तहत यह प्रतिबंध लागू किया गया है। इस दौरान बिना पूर्व अनुमति के किसी भी मानव रहित हवाई वाहन (ड्रोन) के संचालन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## दोस्त की हत्या करने के दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई

दोषी पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

- दोषी को जुर्माना अदा न करने पर भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

बरोदा थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर में शराब पीने के लिए रुपये न देने पर दोस्त की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरजात भसवाना की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जींद के गांव लुदाना निवासी कमलजीत ने 11 नवंबर, 2020 को बरोदा थाना पुलिस को बताया था कि उनके भाई संदीप (31) की गांव निजामपुर निवासी ईश्वर के साथ दोस्ती थी। ईश्वर उनके भाई को 10 नवंबर, 2020 को अपने घर बुलाकर लाया था। दोनों गांव आसपास ही है। कमलजीत ने पुलिस को बताया था कि उनके भाई मजदूरी करते थे। ईश्वर भी उनके साथ ही काम करता था। वह उसे काम के सिलसिले में बुलाकर अपने घर लेकर आया था। ईश्वर अपने घर में अकेला रहता था। जब उनके भाई संदीप रात को देर तक घर नहीं पहुंचे तो वह उन्हें देखने के लिए ईश्वर के घर आ गए थे। उन्होंने ईश्वर के पड़ोसी के घर के बाहर अपने भाई संदीप को लहुलूहान हालत में पड़ा देखा था। उनके भाई को डंडे से पीटकर बेरहमी से मारा गया था। शरीर पर डंडे के निशान मिले थे।पुलिस ने कमलजीत के बयान पर ईश्वर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था।








# चांदी कर सकती है पौबारह, निवेश कर उठा ले फायदा

**मनी मंत्र** | **बिजनेस डेस्क**

- अभी एक लाख के पार निकले दाम, 1.8 लाख तक जा सकती है
- ईटीएफ के जरिए इसमें किया जा सकता है निवेश
- अब तक 1,00,400 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर को छू चुकी

विदेश में मजबूत रुख के बीच स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की लगातार खरीदारी से सोना और चांदी के दाम रोज नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। अभी चांदी की कीमत एक लाख रुपये किलो के आसपास है। हालांकि यह 1,00,400 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर को छू चुकी है। जानकारों का कहना है कि इस साल चांदी की कीमतें 1.8 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक जा सकती हैं। ऐसे में चांदी में निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। इस साल चांदी के दाम में अब तक करीब 14000 रुपये की बढ़त देखने को मिल चुकी है। जानकारों का कहना है कि इसकी कीमत में आगे भी तेजी देखने को मिल सकती है। साल के आखिर चांदी 1 लाख 8 हजार या 1 लाख 12 हजार किलो तक जा सकती है। ऐसे में अगर आप चांदी में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो सिल्वर ईटीएफ सही ऑप्शन हो सकता है। सिल्वर ईटीएफ के जरिए आप शेयर की ही तरह चांदी में भी निवेश कर सकते हैं। बीते 1 साल में इसने 34% तक का रिटर्न दिया है।

### क्या है सिल्वर ईटीएफ

चांदी को शेयरों की तरह खरीदने की सुविधा को सिल्वर ईटीएफ कहते हैं। ये एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड हैं, जिन्हें स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीदा और बेचा जा सकता है। चूंकि सिल्वर ईटीएफ का बेंचमार्क स्पॉट सिल्वर की कीमतें हैं, आप इसे चांदी की वास्तविक कीमत के करीब खरीद सकते हैं।

### सिल्वर ईटीएफ में निवेश के लाभ

-कम मात्रा में भी खरीद सकते हैं चांदी : ईटीएफ के जरिए सिल्वर यूनिट्स में खरीदते हैं। इससे कम मात्रा में या एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए चांदी खरीदना आसान हो जाता है। सिल्वर ईटीएफ की 1 यूनिट की कीमत अभी 100 रुपये से भी कम है। यानी आप 100 रुपये से भी कम में इसमें निवेश की शुरुआत कर सकते हैं।

### चांदी रहती है सुरक्षित

इलेक्ट्रॉनिक चांदी डीमैट अकाउंट में होती है, जिसमें सिर्फ सालाना डीमैट चार्ज देना होता है। साथ ही चोरी होने का डर नहीं होता। वहीं, फिजिकल चांदी में चोरी के खतरे के अलावा उसकी सुरक्षा पर भी खर्च करना होता है।

### व्यापार की आसानी

सिल्वर ईटीएफ को बिना किसी परेशानी के तुरंत खरीदा और बेचा जा सकता है। यानी पैसों की जरूरत पड़ने पर आप जब चाहे इसे बेच सकते हैं और अपने निवेश को भुना सकते हैं।

### पोर्टफोलियो जोखिम में कमी

चांदी और सोना आदि जैसी कम जोखिम वाले एसेट्स में निवेश करके अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं। इससे उनके निवेश पोर्टफोलियो में जोखिम कम हो जाता है। चांदी में निवेश करना वैसे भी फायदेमंद माना गया है।

### सिल्वर ईटीएफ में कैसे करें निवेश

सिल्वर ईटीएफ खरीदने के लिए डीमैट अकाउंट होना जरूरी है। इसमें एनएसई या बीएसई पर उपलब्ध सिल्वर ईटीएफ के यूनिट आप खरीद सकते हैं और उसके बराबर की राशि आपके डीमैट अकाउंट से जुड़े बैंक अकाउंट से कट जाएगी। आप ग्रो, अपस्टॉक्स और पेटीएम जैसे ऐप्स के जरिए फ्री में डीमैट अकाउंट खोल सकते हैं। इसके बाद आप अपने मन पसंद का सिल्वर ईटीएफ चुन सकते हैं।

---

पैसा सिर्फ जमा करने से नहीं बढ़ता, उसे निवेश करना सीखो, सही जगह लगाया गया पैसा और पैसा पैदा करता है

# पैसा 'सोने' की तरह नहीं बीज की तरह रखो, सही जगह निवेश करो



**निवेश मंत्रा**
विनोद कौशिक

हर रुपया तुम्हारा एक सिपाही है जो और सैनिक ला सकता है

अगर पैसे को काम पर नहीं लगाया, तो वह खत्म हो जाएगा

आजकल हर कोई अमीर बनना चाहता है उसके लिए लगातार प्रयास भी करता है, लेकिन दिग्गज निवेशकों का कहना है कि आप सिर्फ मेहनत मजदूरी या सिर्फ नौकरी से ही अमीर नहीं बन सकते। अमीर बनने के लिए पैसे को सही जगह निवेश करना सीखो और रिस्क लो। एक कहावत भी है कि पैसे को 'सोने' की तरह नहीं 'बीज' की तरह रखो, यानी सही जगह निवेश करो। तभी पैसे बढ़ेगा। पैसा कमाने से ज्यादा उसे बढ़ाना जरूरी है। यह बात बिल्कुल सही भी है, क्योंकि पैसा सिर्फ जमा करने से नहीं बढ़ता, उसे निवेश करना सीखना बेहद जरूरी है। निवेश किया गया पैसा आपको भविष्य में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए पैसे से पैसा कमाओ, तभी आप अमीर बन पाओगे। हालांकि निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता और अपने लक्ष्यों को जांच लें, इसके बाद ही निवेश करें। इसके अलावा, निवेश करने से पहले अच्छी तरह से शोध करें और अपने वित्तीय सलाहकार से परामर्श करें। हमेशा कोशिश करें कि निवेश लंबी अवधि के लिए हो। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और चक्रवृद्धि ब्याज का लाभ मिलेगा। सही जगह लगाया गया पैसा और पैसा पैदा करता है। हर रुपया आपका एक सिपाही है जो और सैनिक लाने की क्षमता रखता है। अगर पैसे को काम पर नहीं लगाया, तो वह खत्म हो जाएगा और आप गरीब के गरीब ही रह जाएंगे।

## पैसा कमाने के ये तरीके सबसे पॉपुलर

### ऑनलाइन

1. **फ्रीलांसिंग:** अपनी क्षमताओं का उपयोग करके फ्रीलांसिंग प्लेटफॉर्म्स पर काम करें।
2. **ब्लॉगिंग:** अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करने के लिए एक ब्लॉग बनाएं।
3. **यूट्यूब:** वीडियो बनाकर यूट्यूब पर पैसे कमाएं।
4. **ऑनलाइन ट्यूशन:** अपने विषय में महारत हासिल करने वाले छात्रों को ऑनलाइन ट्यूशन दें।
5. **ई-कॉमर्स:** अपना ऑनलाइन स्टोर बनाकर उत्पाद बेचें।

### ऑफलाइन

1. **फोटोग्राफी:** अपनी फोटोग्राफी क्षमताओं का उपयोग करके शादियों, समारोहों और अन्य आयोजनों में फोटोग्राफी सेवाएं प्रदान करें।
2. **कोचिंग या ट्यूशन:** अपने विषय में महारत हासिल करने वाले छात्रों को ऑफलाइन ट्यूशन दें।
3. **हस्तशिल्प:** अपने हाथों से बनाए गए उत्पादों को बेचें।
4. **कैटरिंग:** अपनी खाना पकाने की क्षमताओं का उपयोग करके कैटरिंग सेवाएं प्रदान करें।
5. **इवेंट प्लानिंग:** समारोहों और आयोजनों के लिए इवेंट प्लानिंग सेवाएं प्रदान करें।

### अन्य तरीके

1. **शेयर मार्केट :** शेयर मार्केट में निवेश करके पैसे कमाएं।
2. **म्यूचुअल फंड :** म्यूचुअल फंड में निवेश करके पैसे कमाएं।
3. **रियल एस्टेट :** रियल एस्टेट में निवेश करके पैसे कमाएं।
4. **पेट सिटिंग :** पालतू जानवरों की देखभाल करके पैसे कमाएं।
5. **हाउस सिटिंग :** घरों की देखभाल करके पैसे कमाएं।
6. गोल्ड या अन्य धातुओं में निवेश करके भी पैसे कमा सकते हैं।

## पैसे बढ़ाने के तरीके भी बेहद कामयाब

### बचत और निवेश

1. **नियमित बचत :** हर महीने एक निश्चित राशि बचाएं।
2. **निवेश :** अपनी बचत को निवेश करें, जैसे कि शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड, या रियल एस्टेट।
3. **ब्याज दर :** उच्च ब्याज दर वाले खातों में अपनी बचत रखें।

### आय बढ़ाना

1. **नौकरी में वृद्धि :** अपनी नौकरी में वृद्धि के लिए काम करें।
2. **फ्रीलांसिंग :** अपनी क्षमताओं का उपयोग करके फ्रीलांसिंग करें।
3. **व्यवसाय शुरू करना :** अपना खुद का व्यवसाय शुरू करें।

### खर्च कम करना

1. **बजट बनाएं :** अपने खर्च के लिए एक बजट बनाएं।
2. **अनावश्यक खर्च कम करें :** अनावश्यक खर्चों को कम करें।
3. **बचत योजना बनाएं :** एक बचत योजना बनाएं और उसका पालन करें।

### शिक्षा और कौशल

1. **शिक्षा :** अपनी शिक्षा में सुधार करें।
2. **कौशल विकास :** अपने कौशल में सुधार करें।
3. **प्रमाणीकरण :** अपने कौशल के लिए प्रमाणीकरण प्राप्त करें।

### अन्य तरीके

1. **पैसे कमाने वाले ऐप्स :** पैसे कमाने वाले ऐप्स का उपयोग करें।
2. **ऑनलाइन सर्वेक्षण :** ऑनलाइन सर्वेक्षण में भाग लेकर पैसे कमाएं।
3. **पैसे कमाने वाली वेबसाइट्स :** पैसे कमाने वाली वेबसाइट्स पर काम करें।



### पल्ले गांठ बांध लें ये सूत्र

हर रुपया हमारा एक सिपाही है जो और सैनिक ला सकता है, यानी कि हमारे पैसे को निवेश करके हम और पैसा कमा सकते हैं। यह अवधारणा हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करने और उसे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। जब हम अपने पैसे को निवेश करते हैं, तो वह हमारे लिए काम करता है और हमें और पैसा कमाने में मदद करता है। इसलिए, हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करना चाहिए और उसे बढ़ाने के लिए निवेश करते रहना चाहिए।

### भविष्य होता है सुरक्षित

जब हम अपने पैसे को सही जगह पर निवेश करते हैं, तो वह हमें और पैसा कमाने में मदद करता है। यह हमारे वित्तीय भविष्य को सुरक्षित बनाने में मदद करता है और हमें अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। सही जगह पर निवेश करने के लिए, हमें अपने वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता को समझना होगा। हमें अपने पैसे को निवेश करने से पहले अच्छी तरह से शोध करना होगा और अपने वित्तीय सलाहकार से परामर्श करना होगा। इसलिए, हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करना चाहिए और उसे बढ़ाने के लिए निवेश करना चाहिए।

### निवेश में एआई भी करेगा मदद!

1. **बड़े डेटा का विश्लेषण :** एआई अल्गोरिद्म बड़े डेटा सेट्स का विश्लेषण कर सकते हैं, जैसे कि बाजार के रुझान, आर्थिक आंकड़े, और कंपनी के प्रदर्शन।
2. **पैटर्न की पहचान :** एआई पैटर्न की पहचान कर सकता है जो मानव विश्लेषकों को दिखाई नहीं दे सकते हैं।
3. **पूर्वानुमान :** एआई डेटा के आधार पर भविष्यवाणी कर सकता है कि बाजार कैसे व्यवहार करेगा।

### पोर्टफोलियो प्रबंधन

1. **पोर्टफोलियो का निर्माण :** एआई पोर्टफोलियो का निर्माण कर सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।
2. **पोर्टफोलियो का पुनर्संतुलन :** एआई पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित कर सकता है ताकि यह निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार बना रहे।

### रोबो-एडवाइजरी

1. **निवेश सलाह :** एआई रोबो-एडवाइजरी प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से निवेश सलाह प्रदान कर सकता है।
2. **व्यक्तिगत निवेश योजना :** एआई व्यक्तिगत निवेश योजना बना सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।

### जोखिम प्रबंधन

1. **जोखिम विश्लेषण :** एआई जोखिम विश्लेषण कर सकता है और निवेशक को जोखिम के बारे में सूचित कर सकता है।
2. **जोखिम प्रबंधन रणनीतियां :** एआई जोखिम प्रबंधन रणनीतियाँ बना सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।

### ये मिल सकते हैं फायदे

- **बेहतर निर्णय लेना :** एआई डेटा के आधार पर बेहतर निर्णय ले सकता है।
- **जोखिम कम करना :** एआई जोखिम विश्लेषण कर सकता है और निवेशक को जोखिम के बारे में सूचित कर सकता है।
- **निवेश की दक्षता बढ़ाना :** एआई निवेश की दक्षता बढ़ा सकता है और निवेशक के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

---

## कम बजट में शुरू कर सकते हैं ये कुछ काम, देंगे मुनाफा

# नवरात्रि पर जमकर बरसेगा धन, शुरू कर लें ये बिजनेस

**आइडिया** | **बिजनेस डेस्क**

*"यदि आप भी सीजनल बिजनेस करके खूब मुनाफा कमाना चाहते हैं तो नवरात्रि से पहले ऐसा ही एक मुनाफेदार बिजनेस शुरू किया जा सकता है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होने वाली है. इस दौरान माता पूजा और श्रृंगार किट की काफी डिमांड बढ़ जाती है। ऐसे में आप भी इस बिजनेस की शुरुआत करके नवरात्रि के कुछ ही दिनों में जबरदस्त मुनाफा कमा सकते हैं।*

अगर नवरात्रि में आप भी कमाने के लिए कुछ नया करना चाहते हैं तो यह बिजनेस आईडिया आपके लिए बेहतर हो सकता है। इस बार नव रात्रि 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं और ये 6 अप्रैल तक चलेंगे। नवरात्रि में माता पूजन की सामग्री के साथ चुनरी, पूजा और श्रृंगार की किट की भी काफी डिमांड होती है। नवरात्रि में पूजा सामग्रियों का मार्केट करोड़ों रुपये का होता है। फल, ड्राईफ्रूट, कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सामक के चावल, पपड़ी और आलू चिप्स की इन दिनों में भारी डिमांड होती है। ऐसे में आप भी इस मौके का फायदा उठा सकते हैं। थोड़ा सा निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। इसके लिए आपको पहले से ही तैयारी शुरू करनी होगी। इसके लिए दुकान चला सकते हैं या स्टॉल लगा सकते हैं। यह छोटा बिजनेस नवरात्रि में आप पर धनवर्षा कर सकता है। इसे सीजनल बिजनेस कहा जाता है तो कम समय में अच्छा मुनाफा आपको दे सकता है।

### आसानी से तैयार हो जाएगी किट

पूजा सामग्री और श्रृंगार की किट को आप चाहे तो आसानी से घर पर ही तैयार कर सकते हैं या फिर किसी होलसेलर से खरीद सकते हैं। यदि आप यह किट घर पर बनाना चाहते हैं तो आपको थोक में माता की चूड़ियां, सिंदूर, कुमकुम,अगरबत्ती श्रृंगार का सामान, चुनरी और पूजा का सामान खरीदना होगा. या सीधे निर्माताओं से सम्पर्क कर सकते हैं। इसके बाद इन सभी चीजों को पैक करके एक अच्छी सी किट तैयार करें।



### इन बातों का रखें ध्यान

#### ग्राहकों और प्रतियोगिताओं को पहचानें

इस बिजनेस को शुरू करने से पहले आपको अपने लक्षित ग्राहकों की पहचान कर लेनी चाहिए। जैसे आप यह किट मंदिरों में घरों या फिर सभी जगह बेचना चाहते हैं। इसके अलावा आपको अपने इलाके के पहले से मौजूद विक्रेताओं के बारे में भी जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए। यदि आप किसी सोसाइटी या अपार्टमेंट में रहते हैं तो आप अपने आसपास के लोगों को टारगेट करके छोटे स्तर पर भी या बिजनेस शुरू कर सकते हैं, जिसे यदि आप अपने आसपास के लोगों को यह सामान घर पर मुहैया करवाते हैं तो कम समय में आपको जबरदस्त मुनाफा हो सकता है।

#### सारे सामान की पहचान

आपको इस बात पर खास ध्यान देना होगा कि आपकी पूजा और श्रृंगार की किट में कोई भी सामान छूटे नहीं। जैसे रोली, सिन्दूर, चुनरी, रुई, दीपक, कुमकुम, अक्षत, मोली आदि। यदि आप थोड़े बड़े स्तर पर इस बिजनेस को शुरू करना चाहते हैं तो अन्य कई प्रकार की पूजा किटें बना सकते हैं। जैसे कि नवरात्रि पूजा किट, सत्यनारायण पूजा किट, गृह प्रवेश पूजा किट, करवा चौथ पूजा किट, दिवाली पूजा किट आदि। इस बिजनेस को कोई भी व्यक्ति घर बैठे भी शुरू कर सकते हैं इसके लिए आपको बस सामग्रियों को जुटाना है और उसकी अच्छी पैकिंग करनी है।

### आकर्षक पैकिंग

यदि आप चाहते हैं कि आपके प्रोडक्ट को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करे तो आकर्षक और टिकाऊ पैकेजिंग का उपयोग करें। इससे यह बेहतर दिखेगी। कहा भी जाता है कि जो दिखता है वही तो बिकता।

### कहां बेचें

आप ऑनलाइन या ऑफलाइन अपने बिजनेस को शुरू कर सकते हैं। पूजा सामग्री के लिए विश्वसनीय थोक विक्रेताओं की तलाश करें। इसके अलावा आप खुद की पूजा सामग्री बनाना चाहते हैं, तो निर्माताओं से संपर्क करें। यदि आप छोटे स्तर पर या बिजनेस शुरू कर रहे हैं तो अपना एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर भी इसे शुरू कर सकते हैं। इसके बाद अपने इस व्हाट्सएप ग्रुप की लिंक अन्य व्हाट्सएप ग्रुप में या सोशल मीडिया के अन्य माध्यमों से प्रचार करें।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- इस बिजनेस को शुरू करने से पहले आपको सभी प्रकार के आवश्यक लाइसेंस और परमिट प्राप्त कर लेने चाहिए।
- इसके अलावा आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपका उत्पाद गुणवत्ता मानकों को पूरे कर रहे हैं।
- यदि आप अपने ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार कस्टमाइज किट उपलब्ध कराते हैं तो आपकी सेल और बढ़ सकती है।

---




# स्मॉल कैप फंड : 20% से ज्यादा निवेश रिस्की, सोच समझकर ही उठाएं कदम

बिजनेस डेस्क

बाजार में इन दिनों उठा-पटक जारी है। लगभग सभी फंडों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सबसे ज्यादा गिरावट स्मॉल कैप और मिड कैप फंडों में हुई है। इससे निवेशकों को झटका लगा है और वे निवेश के अन्य विकल्प देखने लगे हैं। ऐसे में बाजार के जानकारों का कहना है कि स्मॉल कैप फंड काफी रिस्की हो चुके हैं। ऐसे में इनमें निवेश लंबी अवधी के लिए तो ठीक है, लेकिन नए निवेशकों को अभी इन फंडों में निवेश से बचना चाहिए। देखा जाए तो पिछले तीन महीनों में स्मॉल कैप फंड में 21% गिरावट आई है। कई निवेशक, जो 2023 और 2024 के बुल रन के दौरान इस सेगमेंट को लेकर बहुत उत्साहित थे, आज काफी परेशान हैं। उन्हें इस दौर से बाहर निकलने के लिए एसेट एलोकेशन और लॉन्ग टर्म इन्वेस्टिंग के मंत्र अपनाने होंगे। तभी वे अपने निवेश को बढ़ा पाएंगे और अच्छा मुनाफा हासिल कर पाएंगे। लॉन्ग टर्म आउटलुक सकारात्मक अप्रैल-सितंबर छमाही से छोटी कंपनियों की आय बढ़ने की उम्मीद है। ब्याज दरें घटने से भी इन्हें मदद मिलेगी। इसके चलते लंबी अवधि में स्मॉलकैप सेक्टर में रिकवरी हो सकती है।

### एक सेगमेंट में ज्यादा निवेश जोखिम भरा

स्मॉलकैप शेयर जैसे हाई बीटा फंड तेजी के दौरान आम रुझान से ज्यादा तेज बढ़ते हैं, लेकिन मंदी के दौरान ये ज्यादा गिरते भी हैं। अभी किसी भी एक सेगमेंट में ज्यादा निवेश से बचें। सिर्फ एक सेगमेंट में निवेश जोखिमभरा हो सकता है।

### स्मॉलकैप के मौजूदा निवेशक ये करें

लंबी अवधि के लिए भी स्मॉलकैप में निवेश इक्विटी पोर्टफोलियो के 20% तक ही सीमित रखें। इससे ज्यादा निवेश हो तो कम कर लें। ऐसे शेयरों से पूरी तरह बाहर निकलने में समझदारी नहीं है।

### नए निवेशक अभी स्मॉलकैप से बचें

पहली बार इक्विटी में निवेश करने वाले लोगों को स्मॉलकैप फंड से बचना चाहिए। इसकी जगह उन्हें लार्जकैप, फ्लेक्सी-कैप या इंडेक्स फंड (लार्जकैप इंडेक्स पर आधारित) में निवेश करना चाहिए। एक बार जब वे बाजार की अस्थिरता अच्छी तरह समझ लें तो स्मॉलकैप फंड पर विचार कर सकते हैं। कम से कम सात साल के नजरिये के साथ इन फंड्स में निवेश करना चाहिए।

### स्मॉल-कैप फंड क्या हैं

स्मॉल-कैप म्यूचुअल वैसे फंड होते हैं, जो छोटी कंपनियों में निवेश करते हैं। यानी ऐसी कंपनियां जिनके शेयरों की वैल्यू काफी कम है। इन्हें हम स्मॉलकैप कंपनियां कहते हैं। हालांकि, शेयर बाजार में लिस्टेड ऐसी कंपनियों के कारोबार में बेहतर ग्रोथ की संभावनाओं का आकलन करने के बाद ही इनकी पहचान की जाती है। मार्केट कैप के लिहाज से शेयर बाजार की शीर्ष 250 कंपनियों को छोड़कर बाकी में स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड निवेश करते हैं। स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड अपने निवेश की रकम का 65% तक छोटी कंपनियों में लगाते हैं। इसके बाद बची 35% रकम को फंड मैनेजर मिड या लार्ज कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।

---

# देश में चल रही कई सरकारी पेंशन स्कीम, कौन सी हो सकती है बेहतर

**जानकारी** | **बिजनेस डेस्क**

बुढ़ापे में आर्थिक स्थिरता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए वक्त पर रिटायरमेंट की प्लानिंग बहुत जरूरी है। इसके लिए सरकार कई सेविंग स्कीम चला रही है जो रिटायरमेंट के बाद फाइनेंशियल सिक्योरिटी और मानसिक शांति देती हैं। ये योजनाएं रेगुलर रिटर्न, टैक्स बेनिफिट और फाइनेंशियल सिक्योरिटी देती हैं, जो विभिन्न इनकम लेवल और रिस्क प्रिफरेंसेज को पूरा करती हैं. इन योजनाओं के जरिए रिटायरमेंट लोग अपनी जीवनशैली और स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरतों के लिए एक संतुलित वित्तीय योजना बना सकते हैं। आइए, इस रिपोर्ट में जानते हैं उन प्रमुख सरकारी स्कीम के बार में जो बुढ़ापे में रेगुलर इनकम बनाने में मददगार साबित हो सकती हैं। ईपीएफ की ईपीएफ स्कीम नौकरी पेशा लोगों यानी सैलरीड एंप्लाई के लिए एक रिटायरमेंट सेविंग स्कीम है। इसमें नौकरी के दौरान एंप्लाई को अपनी बेसिक सैलरी का 12% हिस्सा कॉन्ट्रीव्यूट करना होता हैं। इतनी ही रकम एंप्लायर की ओर से भी जमा की जाती है। फिलहाल ईपीएफ अकाउंट में जमा पर ब्याज दर 8.25% है। यह फंड एंप्लाई के 58 साल की उम्र पूरी कर लेने में पर मैच्योर होता है, जो उसे ईपीएफ में जमा रकम पर हर साल मिले ब्याज और लमसम अमाउंट के रूप में मिलता है। इमरजेंसी जैसी स्थिति में एंप्लाई ईपीएफ खाते से कुल जमा का कुछ हिस्सा निकाल भी सकता है। ईपीएफ खाते में जमा रकम इनकम टैक्स की धारा 80 सी के तहत टैक्स डिडक्शन के लिए योग्य है।

**बुढ़ापे को वित्तीय रूप से सुरक्षित और चिंतामुक्त बनाए रखने लें पेंशन स्कीम**
**ये 60 साल की उम्र पूरी होने पर रेगुलर इनकम बनाए रखने में मददगार**

### नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस)

नेशनल पेंशन सिस्टम एक मार्केट लिंक रिटायरमेंट प्लान है जो लोगों को इक्विटी, सरकारी बॉन्ड और कॉर्पोरेट डेट में विविध निवेश के माध्यम से एक फंड बनाने की अनुमति देती है. बाजार के प्रदर्शन के आधार पर रिटर्न अलग-अलग होता है। सब्सक्राइबर धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये तक और धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एक्स्ट्रा 50,000 रुपये तक का टैक्स लाभ हासिल कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री वय वंदना योजना

प्रधानमंत्री वय वंदना योजना यानी पीएमवीवीवाई 60 साल या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाई गई एक पेंशन स्कीम है। यह 10 सालों के लिए 7.4% की गारंटीड रिटर्न प्रदान करती है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के खिलाफ फाइनेंशिल सिक्योरिटी प्रदान करती है। अधिकतम निवेश की अनुमति प्रति व्यक्ति 15 लाख रुपये है। यह योजना निवेश राशि के आधार पर एक निश्चित मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक पेंशन प्रदान करती है। मैच्योरिटी पर, मूलधन निवेशक को वापस कर दिया जाता है। पॉलिसी अवधि के दौरान निवेशक की मृत्यु होने की स्थिति में, परचेज प्राइस का भुगतान नॉमिनी को किया जाता है। इस योजना के ज़रिए, वरिष्ठ नागरिकों को आय का एक वैकल्पिक जरिया मिलता है। यह योजना जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा मैनेज की जाती है।

### सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम

सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम (एससीएसएस) 60 साल या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सबसे अधिक ब्याज देने वाली योजनाओं में से एक है। फिलहाल ब्याज दर 8.2% है, जो इसे जोखिम न लेने वाले निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती है। इसमें अधिकतम निवेश सीमा 30 लाख रुपये है, जिसकी अवधि 5 वर्ष है, जिसे अतिरिक्त 3 सालों तक बढ़ाया जा सकता है। ब्याज का भुगतान तिमाही आधार पर किया जाता है, जिससे रेगुलर इनकम सुनिश्चित होती है। एससीएसएस में निवेश धारा 80सी के तहत टैक्स डिडक्शन के लिए योग्य है. हालांकि, इसमें मिला ब्याज टैक्स के दायरे में आता है।

### पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ)

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ स्कीम एक लंबी अवधि वाली सेविंग स्कीम है। इस सरकारी स्कीम में निवेशकों को 7.1% ब्याज दर मिल रही है। इसमें 15 साल की लॉक-इन पीरियड है, जिसे 5-5 साल के लिए एक्सटेंज किया जा सकता है। मिनिमम एन्युअल निवेश 500 रुपये है, जबकि अधिकतम 1.5 लाख रुपये है। पीपीएफ को ईईई क्लास (एगजेंम्ट-एगजेंम्ट-एगजेंम्ट) का दर्जा प्राप्त है, जिसका अर्थ है कि निवेश रकम, मिले ब्याज और मैच्योरिची रकम, तीनों पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है। पांच साल के बाद आंशिक निकासी और डेट की अनुमति है। पीपीएफ कम जोखिम वाले, टैक्स-एफिशिएंट ग्रोथ की तलाश करने वाले लोगों के लिए उपयुक्त है। इसकी लंबी अवधि और टैक्स बेनिफिट इसे रिटायरमेंट प्लान और फंड जुटाने के लिए एक विश्वसनीय निवेश विकल्प बनाते हैं।

### अटल पेंशन योजना (एपीवाई)

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) का उद्देश्य अनऑर्गेनाइज्ड सेस्टर के श्रमिकों और निम्न आय वर्ग के लोगों को रिटायरमेंट के बाद गारंटीड पेंशन प्रदान करना है। ग्राहक 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक मंथली 1,000 से 5,000 रुपये तक के निश्चित पेंशन विकल्पों में से चुन सकते हैं। कॉन्ट्रीव्यूशन की राशि उम्र और इच्छित पेंशन राशि पर निर्भर करती है। सरकार 40 वर्ष की आयु से पहले जुड़ने वालों के लिए पांच साल के लिए ग्राहक के योगदान का 50% (1,000 रुपये तक) योगदान देती है। योगदान प्रवेश की आयु और वांछित पेंशन राशि पर निर्भर करता है।

### पीएम श्रम योगी मानधन योजना

पीएम श्रम योगी मानधन योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों और कमजोर आय वर्ग को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना उन श्रमिकों को लाभ प्रदान करती है जो असंगठित क्षेत्रों में काम करते हैं और उनकी मासिक आय 15,000 रुपये से कम होती है। 18 से 40 साल की उम्र वाले लोग इस योजना को सब्सक्राइब कर सकते हैं। इस योजना के तहत मजदूर, घरेलू कामगार, रेहड़ी-पटरी, रिक्शा-ठेला खींचने वाले और सिर-पीठ पर बोझा ढोने वाले जैसे असंगठित क्षेत्र के कामगारों को बुढ़ापे में पेंशन देने का प्रावधान है। ध्यान रहे योजना का लाभ तभी मिलेगा जब परिवार का कोई व्यक्ति सरकारी कर्मचारी नहीं होगा। पात्र व्यक्ति ईपीएफओ, एनपीएस और ईएसआईसी के अंतर्गत कवर है तो उसे योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नवरात्रों के उपलक्ष्य में अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित

**गोहाना**। शहर में ड्रेन आठ के निकट डेरा बाबा लक्ष्मण पुरी गोहाना में महंत कमल पुरी महाराज के सानिध्य में शनिवार को नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। सुबह आठ बजे समाजसेवी एवं नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुनील मेहता ने पत्नी नीलम मेहता के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महंत कमल पुरी ने माता दुर्गा के विग्रह के सामने खेत्री पूजन एवं कुंड पूजन व कलश की स्थापना की गई। गौरव पुरी महाराज, दिव्यानंद पुरी महाराज एवं अन्य शिष्यों के साथ सेवकों माता का गुणगान किया।

### दूषित पानी नपा के नालों में छोड़ रहा जनस्वास्थ्य

**गन्नौर**। शहर में जनस्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा सीवर का दूषित पानी नपा के नालों में छोड़ा जा रहा है, जिससे नालों का पानी दूषित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने इस पर नाराजगी जताई है और नगर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सीवर की गंदगी के कारण नालों में गंदगी बढ़ जाती है, जिस कारण पानी ओवरफ्लो हो जाता है। इन्हीं कारणों के चलते वर्षा में सड़कें जलमग्न हो जाती हैं।

### युवक पर लगाया कुकर्म का आरोप, शिकायत दर्ज

सोनीपत। मोहाना थाना क्षेत्र में किशोर से कुकर्म करने के आरोप का मामला सामने आया है। मामले में एक वीडियो भी सोशल साइटों पर वायरल हुआ है, जोकि घटनास्थल का बताया जा रहा है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसका 13 वर्षीय बेटा गांव की बैठक में गया था। जहां उसके साथ गांव के युवक ने कुकर्म की वारदात को अंजाम दिया। उसके बाद उसके बेटे को मारने की धमकी दी।

### हवन के बाद नन्हे बच्चों का करवाया प्रवेश

**सोनीपत**। लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए धूमधाम से शाला प्रवेश (हवन) का आयोजन किया गया। अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, मुख्याध्यापिका भारती दत्ता व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों से हवन की पुण्य अग्नि में आहुति दिलवाई गई व माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित कर उनकी आराधना की गई। अध्यापिकाओं ने नन्हे मुन्नों को तिलक लगाया व स्नेह आशीर्वाद दिया। बच्चों को जीवन में संस्कारों के महत्व के साथ शिक्षा का महत्व बताया गया।

### अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश

**गन्नौर**। मार्किटिंग बोर्ड के जेडएमईओ अजय श्योराण ने शनिवार को मार्केट कमेटी व अनाज मंडी का दौरा किया। दौरे के दौरान श्योराण ने मंडी में गेंहू खरीद की तैयारियों को लेकर मार्केट कमेटी के अधिकारियों व कर्मचारियों से बात कर उन्हें मंडी में सीजन के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी नही आने देने के आदेश दिए। इसके अलावा मंडी के कुछ आढ़तियों से भी मंडी में व्यवस्था को लेकर बातचीत की। जेडएमईओ अजय श्योराण ने कहा कि अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू होगी। सीजन की फसलों की खरीद को लेकर सभी अनाज मंडी व गेंहू खरीद के सब केन्द्र की मंडियों में समय रहते आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएं।

### परीक्षाओं में अच्छे अंक लेने वाले बच्चे सम्मानित

**गोहाना**। ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां में शुक्रवार को वार्षिक मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्कूल के प्राथमिक कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं में अच्छे अंक लेकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और ट्राफी प्रदान करके सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल की अध्यक्ष उमा जाले, प्रबंधक वरुण जाले और एमडी पंकज जाले रहे।

---

### परियोजना अमृत-2 योजना के तहत संचालित की जाएगी

# शहर के 63 किमी क्षेत्र में डाली जाएगी नई पेयजल पाइपलाइन

## योजना के तहत शहरवासियों को निःशुल्क कनेक्शन दिया जा रहा

इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहरवासियों को स्वच्छ और सुचारु रूप से पानी उपलब्ध कराने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। यह परियोजना अमृत-2 योजना के तहत संचालित हो रही है, जिसके अंतर्गत शहर के लगभग 63 किलोमीटर क्षेत्र में नई पाइपलाइन डाली जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अमृत-2 योजना के तहत शहरवासियों को निशुल्क पेयजल कनेक्शन भी दिया जा रहा है। इससे उन नागरिकों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा, जिनके घरों में अब तक नियमित जलापूर्ति नहीं हो पाती थी। विभाग के जेई बसंत कुमार ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से जारी है और विभाग इसे तय समय सीमा के भीतर पूरा करेगा। उन्होंने बताया कि नई पाइपलाइन से जलापूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा, साथ ही पानी की बर्बादी को भी रोका जा सकेगा। उन्होंने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कार्य के दौरान किसी भी असुविधा के लिए वे धैर्य बनाए रखें। जनस्वास्थ्य विभाग ने आश्वासन दिया है कि यह योजना पूरी होते ही सभी घरों में नियमित और पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।



जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए उखाड़ी गली।

---

# स्वास्थ्य अमूल्य धन, इसे बर्बाद न करें : डॉ. चक्रवर्ती

- जेएलएन विद्यालय में राष्ट्रीय बाल कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

आज जेएलएन स्कुल गोहाना में राष्ट्रीय बाल कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में गुढ़ा रोड स्थित जेएलएन विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। हिशविर में चिकित्सकों ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मुख्य वक्ता नागरिक अस्पताल गोहाना में चिकित्सा अधिकारी डॉ. चक्रवर्ती शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य अमूल्य धन है। कुछ लोग नशे की लत में पडक़र इसे बर्बाद कर लेते हैं। आज फास्ट फूड और पैकेट बंद खाद्य पदार्थों से भी स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को बर्बाद न करें। जीवन में किसी भी मुकाम को हासिल करने के लिए सबसे पहले शरीर का स्वस्थ होना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। शिविर में फार्मासिस्ट ऑफिसर सुधीर, एएनएम आशा, काउंसलर रमेश, स्टाफ सहायक मोनू , अनमोल और विनय ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर उप प्राचार्य सूरत शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

---

# अध्यापकों को ज्ञान और शिक्षण कौशल में पारंगत होना जरूरी

**राई**। ओम शांति शिक्षा सदन व मां सरस्वती शिक्षा सदन नाथुपुर में अध्यापन कौशल को विकसित करने के लिए सीबीएसई बोर्ड द्वारा निर्धारित कार्यशाला का आयोजन किया । विद्यालय सभागार में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क और विद्यालय शिक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीबीएसई बोर्ड के रिसोर्स पर्सन और विख्यात ट्रेनर अनिल गोयल ने प्रशिक्षण देकर अपने ज्ञान व कौशल को बढ़ाया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के बाद और उसको प्रभावी बनाने के लिए,अध्यापकों को ज्ञान कौशल और शिक्षण कौशल में पारंगत होना जरूरी है। स्कूल के प्राचार्य राजेश गुप्ता और सरस्वती शिक्षा के प्राचार्य बृजमोहन , स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज, महावीर प्रसाद ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती की वंदना से की गई। अध्यापकों के अंदर उच्च स्तर का अध्यापन करने की शक्ति प्रदान करें। तत्पश्चात अनिल कुमार गोयल ने अपने ज्ञान और अनुभव के माध्यम से अध्यापकों से विभिन्न गतिविधियां कराई और अच्छा उत्तर देने वाले अध्यापकों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया ताकि इस प्रकार की विधि को कक्षा में भी लागू कर सकें और प्रत्येक विद्यार्थी को सीखने के लिए प्रेरित कर सके।



---

# गांव तिहाड़ मलिक में युवक की डंडे से पीटकर और जहर पिलाकर हत्या

**सोनीपत**। गांव तिहाड़ मलिक में अनुसूचित जाति के युवक की डंडे से पीटकर व जहर पिलाकर हत्या किए जाने मामला सामने आया है। युवक को पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी मौत हो गई। युवक की मां ने गांव के चार लोगों पर हत्या व एससीएसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव तिहाड़ मलिक निवासी सावित्री ने मोहाना थाना पुलिस को बताया है कि उनके बेटे कुलदीप (32) गांव में फास्ट फूड की रेहड़ी लगाते थे। उनका आरोप है कि गांव के ही रविंद्र के परिवार ने रंजिशन उनके बेटे को कॉल कर अपने घर बुलाया था। घर बुलाने के बाद उनके बेटे की डंडे से बेरहमी से पिटाई की गई और उनके बेटे को जबरन जहर खिला दिया गया। जिससे बेटे की हालत बिगड़ गई। बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पीजीआई में उपचार के दौरान बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में सावित्री के बयान पर रविंद्र, उसकी पत्नी, भाई सोनू व पिता को नामजद किया है। हत्या के साथ मारपीट व एससीएसटी एक्ट में भी मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने रोहतक में शव का पोस्टमार्टम कराया।




---

# किशोरी से गलत काम करने के दोषी को पांच वर्ष कैद की सजा

- अदालत ने दोषी पर 14 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खरखौदा थाना क्षेत्र में किशोरी से गलत काम करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र दोषी पर 14 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले को लेकर एक व्यक्ति ने 6 अक्तूबर, 2023 को खरखौदा थाना पुलिस को बताया था कि उनके पास 16 वर्षीय बेटी है। रोहतक निवासी उनका भांजा अक्सर उनके घर आता था। व्यक्ति ने बताया था कि कुछ दिन पहले उन्हें चोट लग गई थी। जिसके बाद दो-तीन बार उनका भांजा हालचाल जानने के लिए घर आया था। वह उनकी बेटी से अकेले में बातचीत करता था। 28 सितंबर, 2023 को भांजे ने उनकी बेटी के पास कॉल की थी।

उसने उनकी बेटी को धमकी देकर खरखौदा बुला लिया था। वहां से वह उनकी बेटी का रोहतक होटल में ले गया था। वहां बेटी को जूस पिलाकर बेसुद करने के बाद उससे गलत काम किया था। बाद में बेटी को धमकी दी थी कि इस बारे में किसी को बताया तो जान से मार देगा। वह बेटी को खरखौदा छोड़कर चला गया था। शुरुआत में बेटी गुमसुम रहने लगी थी। बाद में बेटी ने सच्चाई बताई थी। वह बेटी को लेकर बहन के घर गए तो वहां पर बेटी को दूसरे भांजे ने धमकी दी थी। बाद में उन्होंने पुलिस को अवगत कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे नरेंद्र ने आरोपित को दोषी करार दिया है।

---

# कैमरों के संचालन पर मेयर गंभीर, मांगा जवाब

## दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कारवाई के निर्देश दिए

- एक वर्ष से 10 -15 से ज्यादा कैमरों का संचालन नहीं हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में लगे सीसीटीवी का संचालन ना होने पर नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने आयुक्त नगर निगम को नोट लिखकर जुलाई 2024 से रख रखाव का टेंडर ना करने के मामले में जाँच करवाकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कारवाई के निर्देश देकर जवाब मांगा है।

राजीव जैन ने लघु सचिवालय में चल रहे कमांड सेंटर का भी दौरा कर कैमरों के संचालन रिपोर्ट की जानकारी ली और पाया कि पिछले एक वर्ष से 10 -15 से ज्यादा कैमरों का संचालन नहीं हो रहा। कमांड सेंटर में तैनात पुलिस कर्मचारियों ने बताया कि वह हर माह निगम अधिकारियों को पत्र लिखकर वस्तुसिथति से अवगत करवाते हैं परन्तु अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंगती। राजीव जैन ने बताया कि शहर की सुरक्षा हेतु 194 कैमरे लगवाए गए थे ताकि वारदात होने पर दोषी की पहचान की जा सके और कई वारदात कैमरों की मदद से हल भी हुई है। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही टेंडर लगवाकर सभी कैमरों की मरम्मत करवाकर चालू करवाने का काम करेंगे। मेयर राजीव जैन ने बताया कि शहर के अन्य बाजारों तथा निगम एरिया में पड़ने वाले मुख्य मार्गों पर भी सीसीटीवी लगवाने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि कैमरे लगाने वाले स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। जल्द ही एस्टीमेट तैयार करवाकर सरकार को भेजा जायेगा।



**सोनीपत**। कमांड सेंटर में पहुंचे मेयर राजीव जैन जानकारी लेते हुए।

---



**खरखौदा**। नाली की जगह पाइप बिछाते मजदूर। फोटो : हरिभूमि

## नालियों का निर्माण कार्य प्रारंभ

**खरखौदा**। शहर के वार्ड 11 में सब्जी मंडी और डाकखाने वाली गली की नालियों को प्लास्टिक के पाइप बिछाकर ढकने का काम चल रहा था। जिसे नपा चेयरमैन हीरालाल ने किसी की मौखिक शिकायत पर रुकवा दिया था। जिसका काफी विरोध हुआ और विधायक पवन खरखौदा को भी इसकी शिकायत दी गई। दुकानदारों, स्थानीय निवासियों व कई नवनियुक्त पार्षदों ने भी रोष प्रदर्शन करते हुए निर्माण कार्य को शुरू कराने की मांग की थी। शनिवार को काम तो दोबारा शुरू हो गया है। लेकिन हर तरफ फैले मलबे से आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है और गली से गुजरना दूभर हो गया था। अब न केवल नालियों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है बल्कि मलबे का उठाव भी शुरू हो गया है। जिससे प्रभावित लोगों ने राहत की सांस ली है।

---

# शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों के समर्थन में आई आंगनबाड़ी वर्कर्स

- विधायक कार्यालय पर प्रदर्शन किया ठेका सफाई कर्मचारियों को न्याय दिलाने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों द्वारा सोनीपत विधायक के कार्यालय के बाहर 6 दिन से लगातार धरना दिया जा रहा है। धरने की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की और संचालन सचिव नवीन चवारिया ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि ठेका सफाई कर्मचारियों को पिछले 12 महीने से बदले की भावना से नौकरी से निकाल रखा है। ठेका सफाई कर्मचारियों ने अपने बकाया करोड़ों रुपए के एरियर पर आवाज उठाते हुए 5 साल के एरियर की नगर निगम सोनीपत पीसीसी कंपनी की हरियाणा सरकार द्वारा जांच कराई जाने की मांग उठाई। धरने पर उपप्रधान दीपक, विजय, अजय, सन्नी, राहुल, रंजीत, रविंद्र, अमित टॉक, देवराज टॉक, सुमित, अमित आदि ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया।



**सोनीपत**। विधायक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी।

---




गेटवे स्कूल में कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों का स्वागत करते हुए।

## ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

**सोनीपत**। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में नए सत्र में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। यह आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम कुमारओझा एवं उप प्रधानाचार्य रिंपी वर्मा के दिशा निर्देशों पर किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं होना चाहिए बल्कि विद्यार्थियों का सर्वपक्ष विकास होना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों के साथ बच्चों की शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में भी चर्चा की। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य रिंपी वर्मा ने सभी नवागंतुकों का स्वागत किया एवं विद्यालय के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।

---

**कार्यक्रम** प्रयास जूनियर विंग स्कूल में हुआ बेबी शो का आयोजन

# बेबी शो में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-मुन्नों ने सभी को मंत्रमुग्ध किया

साथ ही साथ उपस्थित माताओं के लिए भी अनेक मनोरंजन गेम्स का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

प्रयास जूनियर विंग स्कूल में बेबी शो का आयोजन किया गया। जिसमे में रंग-बिरंगे परिधानो सजे नन्हे-मुन्नों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शो में उम्र के अनुसार बच्चों को तीन श्रेणियों में बांटा गया। सभी प्रतिभागियों ने मंच पर जाकर स्वयं का परिचय दिया और रैंप वाक कर प्रस्तुति दी। 2 वर्ष से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

विद्यालय के चेयरमैन सुरेश बत्रा ने शाल द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बेबी शो में प्रयास प्रिंसेस छवि, राजकुमार माधव, सिंह इज किंग शिवम, दिव्य मुस्कान, लक्षिका,ट्विंकलिंग आईज में तनिशी, क्रिएटिव ड्रेस बेबी दिव्यांशु, सक्रिय शिशु हरिदय ,आत्मविश्वास से भरा बच्चा है गव्यम, गोल-मटोल गाल खियांश,सबसे स्टाइलिश बेबी अंगद, सर्वश्रेष्ठ कविता पाठ त्रिक्ष्य, सर्वश्रेष्ठ पोशाक वाली माँ ज्योति, सुपर एक्टिव मां अनिता, सबसे स्टाइलिश मां प्रीति, सबसे ज्यादा प्रदर्शन करने वाली बहन वर्षा विजेता रही। नन्हे-मुन्नों बच्चों और उनकी मम्मी ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से सबका मन मोह लिया। साथ ही साथ उपस्थित माताओं के लिए भी अनेक मनोरंजन गेम्स का आयोजन किया गया जिसमे भाग लेकर उन्होंने स्वयं की गौरववन्वित महसूस किया। सभी विजेताओं को पदको द्वारा प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अमित बत्रा, संचालिका रुचिका बत्रा ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने से अपना पूर्ण सहयोग दिया और आशीर्वाद देकर प्रतिभागियो का उत्साह बढ़ाया।



गन्नौर। प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित करते अतिथि व स्कूल संचालिका रुचिका बत्रा। फोटो :हरिभूमि

---



**खरखौदा**। असाइनमेंट का अवलोकन करते प्राध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## पुस्तक अवलोकन कार्यक्रम

**खरखौदा**। कन्या महाविद्यालय खरखौदा में अंग्रेजी विभाग द्वारा डॉ.सीमांत के नेतृत्व में तथा प्राचार्या डॉ. प्रमिला की अध्यक्षता में पुस्तक अवलोकन (बुक रिव्यू) नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में पुस्तक पढ़ने की रुचि को विकसित करना रहा। डॉ. सीमांत ने बताया कि बुक रिव्यू नामक अध्याय छात्राओं के पाठ्यक्रम में भी सम्मिलित है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राएं पढ़ने के साथ-साथ प्रत्यक्ष रूप में बुक रिव्यू करना सीख जाएंगी। उन्होंने छात्राओं को 20 दिन का समय दिया कि महाविद्यालय के पुस्तकालय से छात्राएं अपनी रुचि के अनुरूप कोई भी पुस्तक लेकर पढ़े और उस पर अपने विचार रखें। छात्राओं ने पहले लिखित में अपने विचार असाइनमेंट के रूप में डॉ. सीमांत के पास जमा करवाएं और फिर इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने उपस्थित स्टाफ सदस्यों और अन्य छात्राओं के सामने पढ़ी हुई पुस्तक पर अपने विचार व्यक्त भी किए।

